केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

केमाशिबो/स.स./सम./11251076/2161 दिनांक : 15.05.2017

केमाशिबो से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों(विदेश केवल)
के प्रमुख/प्रधानाचार्य

विषय : विदेशी विद्यार्थियों के संबंध में उम्मीदवार सूची (X/XII) जमा करने तथा पंजीकरण (IX/XI) के लिए आधार संख्या की आवश्यकता में छूट।

महोदया/महोदय,

इस कार्यालय के पत्र संख्या CBSE/AS/LOC/112509/2017 दिनांक 23.09.2016 का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें विद्यालयों को सूचित किया गया था कि प्रणाली में उपलब्ध कराया गया आधार संख्या का स्थान वर्ष 2017 के लिए वैकल्पिक था तथा आगे के वर्षों के लिए सभी विद्यार्थियों के लिए आधार कार्ड उत्पन्न करने की सलाह दी गई थी।

उक्त सूचना के प्रत्युत्तर में, बोर्ड को विदेशों में अवस्थित केमाशिबो संबद्ध विद्यालयों से विभिन्न प्रश्न प्राप्त हुए हैं जिनमें इस तथ्य के कारण अपने विद्यार्थियों को आधार संख्या प्रदान करने में असमर्थता जताई गई है कि विद्यालय विदेश में हैं व अधिकांश विद्यार्थियों के पास आधार कार्ड नहीं है।

उपर्युक्त के अवलोकन में, बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी ने विदेशों में विद्यालयों के विद्यार्थियों के संबंध में पंजीकरण (IX/XI) तथा उम्मीदवार सूची (X/XII) में आधार संख्या की आवश्यकता में छूट देने का निर्णय लिया है। वैकल्पिक रूप से, विदेशी विद्यार्थी/विद्यालय कक्षा (IX/XI) के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीदवार तथा कक्षा (X/XII) के लिए उम्मीदवार सूची जमा करते समय आधार संख्या के स्थान पर पासपोर्ट संख्या का प्रयोग करें।

यह सूचना सभी विद्यार्थियों, माता-पिता तथा अन्य पणधारकों को उनके सुलभ संदर्भ के लिए प्रचारित की जाए।

विद्यालयों से यह भी अनुरोध है कि केमाशिबो परीक्षा संबंधी उप-विधि तथा इसके विद्यमान संशोधनों सहित बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई सूचना से अवगत रहें।

भवदीय

किशोर

(के. के. चौधरी)
परीक्षा नियंत्रक